卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 67 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦13 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सेना को मिले 491 युवा सैन्य अफसर

### आईएमए की 157वीं पासिंग आउट परेड में थल सेना प्रमुख ने दिलाया राष्ट्रसेवा का संकल्प

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर में शनिवार को 157वीं पासिंग आउट परेड का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। गौरव, परंपरा और सैन्य अनुशासन से ओतप्रोत इस समारोह में कुल 525 अधिकारी कैडेट्स ने अकादमी से प्रशिक्षण पूर्ण कर भारतीय सेना सहित मित्र देशों की सेनाओं में अधिकारी के रूप में कदम रखा। इस अवसर पर 491 युवा अधिकारियों को भारतीय थल सेना में कमीशन प्रदान किया गया, जबकि 14 मित्र देशों के 34 कैडेट्स ने भी प्रशिक्षण पूरा कर अपनी-अपनी सेनाओं में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। परेड और कमीशनिंग समारोह अकादमी के आदर्श वाक्य "वीरता और विवेक" का जीवंत प्रतीक रहा, जिसमें कैडेट्स के कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और अदम्य साहस की झलक स्पष्ट दिखाई दी। थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने परेड की समीक्षा की और नव-नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवा अधिकारियों के उच्च स्तर के अनुशासन, सहन शक्ति और नेतृत्व गुणों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना की गौरव शाली परंपराओं का (शेष पृष्ठ सात पर)





## डिवाइडर से भिड़ी स्कूटी, युवक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के नैनीताल रोड पर देर रात हुए सड़क हादसे में मंडी में काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस ने मृतक का शव स्वजन को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय शिवम पटेल मंडी में नौकरी करता था। शुक्रवार रात वह अपने साथियों के साथ घूमने के लिए काठगोदाम गया था। देर रात लौटते समय शिवम और उसका एक दोस्त स्कूटी से वापस आ रहे थे। स्कूटी शिवम स्वयं चला रहा था। नैनीताल रोड पर बृजलाल अस्पताल के पास अचानक स्कूटी अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से शिवम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया। सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान शिवम पटेल ने दम तोड़ दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

## किसानों को समृद्ध और सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध: धामी

### मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड महक क्रांति नीति का किया शुभारम्भ, सेटेलाइट सेंटरों का लोकार्पण और प्रयोगशाला का शिलान्यास भी किया

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सेलाकुई में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उत्तराखंड महक क्रांति नीति- 2026-36 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रिमोट के बटन दबाकर पांच सेटेलाइट सेंटरों और एएमएस (सी-14) प्रयोगशाला का शिलान्यास किया, वहीं सेटेलाइट सेंटर भाऊवाला का लोकार्पण भी किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े और योजना के महत्व को साझा किया। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार किसानों को समृद्ध और सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि महक क्रांति नीति के तहत किसानों को न केवल कृषि उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाएगा, बल्कि खेती से जुड़ी तकनीक और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आज कई क्षेत्रों में पूरे देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है और महक नीति इसके लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम धामी ने बताया कि इस नीति के अंतर्गत सात अरोमा वैलियों का विकास किया जाएगा और सुगंधित फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए छह सेटेलाइट सेंटरों का लोकार्पण किया जा रहा है, ताकि किसान अपनी खेती में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं और उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार कर सकें। इस नीति में पोधशाला विकास, खेती हेतु अनुदान, फसल कटाई और प्रसंस्करण में सहायता, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए नीति में एक हेक्टेयर तक की भूमि पर 80 प्रतिशत और इससे अधिक भूमि पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल के तहत लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग एक लाख किसानों को जोड़ा जाएगा। उनका लक्ष्य है कि आने वाले दस वर्षों में सुगंधित फसलों की खेती का टर्नओवर 1200 करोड़ रुपये तक पहुंचाया जाए। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि किसानों को नई आय और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस अवसर पर (शेष पृष्ठ 7 पर)







## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। इस दौरान एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार और लापरवाही से किए गए ओवरटेक ने दो युवकों की जान को गंभीर खतरे में डाल दिया। बरेली पुराने शहर निवासी तालीव पुत्र सज्जद हुसैन और जमीर बैग पुत्र सज्जाद बैग पैशन प्रो बाइक से बरेली से रुद्रपुर किसी परिचित से मिलने आ रहे थे। जैसे ही दोनों किच्छा क्षेत्र में पहुंचे, पीछे से आ रही एक कार ने ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक तेज गति में था और गलत तरीके से ओवरटेक कर रहा था। गनीमत यह रही कि उसी वक्त पीछे से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था, वरना यह हादसा जानलेवा भी हो सकता था। इस दुर्घटना में जमीर बेग के पैर में गंभीर चोट आई है, जबकि तालीव को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे एंबुलेंस सेवा 1033 (शेष पृष्ठ सात पर)



## आईएएस बंशीधर तिवारी को राष्ट्रीय पुरस्कार

### प्रतिष्ठित संस्था पीआरएसआई ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया सम्मान

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय बनते हुए आईएएस बंशीधर तिवारी को सुशासन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित सम्मान पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा प्रदान किया जाएगा। आईएएस बंशीधर तिवारी वर्तमान में मुख्यमंत्री के अपर सचिव एवं सूचना महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। जनहितकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक पारदर्शिता और सुशासन को मजबूती देने में उनके योगदान को देखते हुए पीआरएसआईने उन्हें इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया है। यह सम्मान देहरादून में आज से प्रारंभ हो रही तीन दिवसीय पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया की 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीआरएसआई की यह कॉन्फ्रेंस देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित वार्षिक कॉन्फ्रेंस है, जिसमें सरकारी विभागों, कॉर्पोरेट जगत, सार्वजनिक उपक्रमों, शैक्षणिक संस्थानों और मीडिया क्षेत्र (शेष पृष्ठ सात पर)



## मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा में सुनीं जनसमस्याएं

### कैंप कार्यालय लोहियाहेड व हेलीपेड में जनप्रतिनिधियों और आमजन से मुलाकात

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन शनिवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड तथा हेलीपेड परिसर में जनप्रतिनिधियों और आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जनसमस्याएं रखी गईं, जिन पर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा, एसपी सिटी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषौर सैनी आदि थे।





## गुंडा एक्ट मामलों पर जिला प्रशासन का बड़ा फैसला, कई व्यक्तियों पर कार्रवाई निरस्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल में कानून-व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा के बाद जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने गुंडा एक्ट से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। पुलिस आख्या और वर्तमान परिस्थितियों के निष्पक्ष आकलन के आधार पर जहां कई व्यक्तियों के विरुद्ध प्रस्तावित अथवा चल रही कार्रवाई को निरस्त कर दिया गया है, वहीं दो व्यक्तियों को छह माह के लिए जनपद नैनीताल की सीमा से बाहर रखने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के शाहरुख पुत्र मोहम्मद सलीम वर्तमान में मंडी में सब्जी बेचकर आजीविका चला रहे हैं। थाना रामनगर के विजय शर्मा के संबंध में पुलिस रिपोर्ट में उल्लेख है कि वे फिलहाल किसी भी अवांछित गतिविधि में संलिप्त नहीं पाए गए हैं। इसी प्रकार बनभूलपुरा के लखन भोला पत्नी और बच्चों के साथ हरिद्वार में निवास कर रहे हैं। थाना रामनगर के विनायक पुत्र अनिल कुमार, आशु श्रीवास्तव पुत्र श्याम श्रीवास्तव तथा थाना लालकुआं के (शेष पृष्ठ सात पर)

# विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 68.26 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमो के संचालन हेतु 68.26 करोड की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र रायपुर के तपोवन मंडल के अन्तर्गत 1.5 कि0मी0 आपदा से क्षतिग्रस्त मुख्य व आन्तरिक मार्गों का नालियों सहित पुन: निर्माण कार्य हेतु 5.93 करोड, पित्थूवाला शाखा के अन्तर्गत एम0डी0डी0ए0, आई0एस0बी0टी0 पेयजल हेतु 3.42 करोड़, जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी के ग्राम पंचायत जखोल के गुरोडी खड्ड में बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु ₹34 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में आगराखाल-कुसरेला मोटर मार्ग का दिउली से गुजराड़ा तक विस्तार किए जाने हेतु 3.54 करोड, कीर्तिनगर बरियाडगढ़ धौडगी सौराखाल मोटर मार्ग एवं विभिन्न आन्तरिक सम्पर्क गोटर मार्ग में पुन: निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 3.19 करोड, जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र द्वाराहाट के विकास खण्ड चौखुटिया में भिकियासैंण-देघाट-बुंगीधार-बछुआबाण-चौखुटिया मोटर मार्ग किमी0 115 से किमी0 126 में सुदृढीकरण एवं डी0सी0एम0 व बी0सी0 द्वारा डामरीकरण कार्य हेतु 6.53 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अन्तर्गत चण्डाक-बास-आंवलाघाट मोटर गार्ग (ग्रामीण मार्ग) के किमी0 31 से 35 (रामगंगा नदी तक) कच्चे मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य हेतु 3.47 करोड, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत बाईपास सड़क तथा 30 मी0 स्पान सेतु के निर्माण हेतु 16 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उप कारागार, रूडकी की 73 मीटर बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य हेतु ₹48 लाख की योजना स्वीकृत किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा मानव वन्य जीव संघर्ष के लम्बित प्रकरणों के भुगतान तथा आगामी माहों में आकस्मिक रूप से घटित होने वाले प्रकरण में क्षतिपूर्ति हेतु गत वर्षों की अवशेष देनदारी तथा आगामी माहों में



आकस्मिक रूप से घटित होने वाले प्रकरणों के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15.00 करोड़ की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर के अन्तर्गत 50 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग (03 माह हेतु) सहायता दिये जाने हेतु प्रथम किश्त के रूप में कुल 25 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला के ग्राम रालम में हैलीपेड का निर्माण हेतु 99 लाख की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में रानीबाग-भीमताल-खुटानी- चांफी- पदमपुर-धानाचूली-मोतियापाथर- शहरफाटक- मोरनौला-देवीधूरा के किमी0 23 से 39 में डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 द्वारा सुधारीकरण का कार्य हेतु 9.35 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून के अन्तर्गत एयरपोर्ट थानों रायपुर रोड के अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक से 6 नंबर पुलिया, अग्रवाल बेकर रिस्पना ब्रिज रायपुर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु 15.45 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में सरदार नगर-बन्नाखेड़ा राज्य मार्ग के किमी 9 में स्थित जल मंदिर सेतु के क्लास बी से क्लास ए में परिवर्तन कार्य हेतु 2.03 लाख, जनपद ऊधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में सरदार नगर बन्नाखेड़ा राज्य मार्ग के किमी. 7 में स्थित ककराला सेतु का क्लास बी से क्लास ए में परिवर्तन कार्य हेतु 2.49 लाख का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड ऊखीमठ में मयाली गुप्तकाशी मोटर मार्ग के राज्य मार्ग 37 किमी0 73 में पूर्व निर्मित 6.0 मी0 स्पान सिंगल लेन क्लास बी लोडिंग सेतु में उच्चीकृत्त किये जाने हेतु 2.60 लाख, जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि में मयाली गुप्तकाशी मोटर मार्ग के राज्य मार्ग 37 किमी0 67 में पूर्व निर्मित 9.30 मी0 स्पान सिंगल लेन क्लास बी लोडिंग सेतु के स्थान पर 12.00 मी0 स्पान डबल लेन क्लास ए लोडिंग सेतु में उच्चीकृत किये जाने हेतु 2.60 लाख, जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि में मयाली गुप्तकाशी मोटर मार्ग के राज्य मार्ग 37 किमी0 72 में पूर्व निर्मित 10.75 मी0 स्पान सिंगल लेन क्लास बी लोडिंग सेतु के स्थान पर 12.00 मी0 स्पान डबल लेन क्लास ए लोडिंग सेतु में उच्चीकृत किये जाने हेतु 2.60 लाख तथा जनपद देहरादून के विकासखण्ड चकराता में चकराता लाखामंडल राज्य मार्ग सं0 18 के किमी0 22 चौ0 21.950 पर मंझगांव आरसीसी सेतु को क्लास बी लोडिंग सेतु से क्लास ए लोडिंग सेतु में उच्चीकृत किये जाने हेतु 3.25 लाख की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया है।

# प्रदेश में सभी रोप-वे प्रस्तावों को समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य: मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई रोप-विकास समिति की बैठक आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में प्रदेश में रोप-वे विकास के लिए गठित संचालन समिति की आयोजित हुयी। बैठक के दौरान प्रदेश में रोप-वे निर्माण को लेकर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।मुख्य सचिव ने कहा कि रोप-वे विकास समिति की प्रथम बोर्ड बैठक इस माह के अंत तक अनिवार्य रूप से आयोजित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि इस समिति के लिए सचिव पर्यटन, सदस्य सचिव होंगे। उन्होंने एनएचएलएमएल को एसपीवी का सीईओ एक सप्ताह के भीतर नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए, ताकि दिसम्बर माह के अंत तक प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित की जा सके।मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में बनने वाले सभी रोप-वे प्रस्तावों को इस समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा, ताकि अलग-अलग एजेन्सियों द्वारा तैयार किए जा रहे प्रोजेक्ट्स में डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि रोप-वे के सभी बड़े प्रोजेक्ट्स बनने से अगले 5-10 सालों में स्थानीय स्तर पर जिन नए पर्यटक स्थलों का विकास, मार्गों का विस्तारीकरण किए जाने की आवश्यकता है, उनके लिए अभी से रोडमैप तैयार कर लिया जाए। उन्होंने उत्तराखण्ड रोप-वे विकास लिमिटेड के रोड मैप पर भी चर्चा की।बैठक में बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर से 50 रोप-वे प्रस्तावित किए गए हैं। जिनमें से कुल 6 प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित बारसू से बरनाला (उत्तरकाशी) और जोशीमठ-औली-गौरसों रोप-वे की डीपीआर के लिए निविदा प्रक्रिया गतिमान है।मुख्य सचिव ने कहा कि शुरुआत में इन 6 प्रोजेक्ट्स पर ही फोकस किया जाए। उन्होंने सोनप्रयाग से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से टर्निंग रेडियस बढ़ाए जाने एवं पुलों का मजबूतीकरण के लिए आवश्यक कदम अभी से उठा लिए जाएं। मुख्य सचिव ने काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर प्रोजेक्ट में कैंचीधाम को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कैंचीधाम के लिए लगातार बढ़ती



किया गया है। इसमें सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविन्दघाट से हेमकुण्ट साहिब प्रोजेक्ट्स का कार्य आबंटन कर दिया गया है। काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर (नैनीताल) अनुमोदन के चरण में है। बताया गया कि कनकचौरी से कार्तिक स्वामी तक रोप-वे की डीपीआर तैयार की जा रही है। रैथल हेमकुण्ट साहिब रोप-वे प्रोजेक्ट्स की प्रत्येक स्टेज की टाईमलाईन और पर्ट चार्ट तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन एवं वन्यजीव स्वीकृतियों की प्रक्रिया में तेजी जाए लाने की बात भी कही। कहा कि रोप-वे निर्माण के लिए हैवी मशीनरी निर्माण स्थल तक पहुंचाना चुनौतिपूर्ण होगा। इसके लिए सड़कों का श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वहां रोप-वे प्रोजेक्ट की सम्भावनाओं को तलाशा जाए। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, धीराज सिंह गर्ब्याल एवं अपर सचिव अभिषेक रूहेला एवं एनएचएलएमएल से प्रशांत जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# साथी अधिवक्ता को हिरासत में लेने पर भड़के अधिवक्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूवार को पुलिस व एसओजी टीम द्वारा न्यायालय परिसर से बाहर आ रहे अधिवक्ता को एक मामले में पुलिस व एसओंजी टीम द्वारा अपनी हिरासत में ले लिए जाने के विरोध में समस्त अधिवक्ताओं ने विरोध जाहिर करते हुए शुक्रवार को पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने पर सीओ ने मौके पर पहुंचकर अधिवक्ताओं से वार्ता कर मामले की जांच कराने और दोषी पाये जाने पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिया। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने जाम खोला।



बताया जाता है कि ट्रांजिट कैम्प थाने में नाबालिग से दुष्कर्म को लेकर दर्ज एक मुकदमे में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी एक अधिवक्ता को कोर्ट से लौटते समय अपनी हिरासत में लिया था। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। उनका आरोप था कि पुलिस ने अधिवक्ता से करीब 6 घंटे पूछताछ की। बाद में नाबालिग ने भी आरोपी अधिवक्ता को नहीं पहचाना। बावजूद इसके अधिवक्ता को नहीं छोड़ा गया और उसके परिजनों से भी पूछताछ की। सीओं प्रशांत कुमार के आश्वासन के बाद रोषित अधिवक्ताओं ने रविवार तक अपना धरना समाप्त करने की घोषणा की और कहा सोमवार तक कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।



# जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने जीते पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर स्थित जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने आईजीआई स्पोर्ट्स स्टेडियम गोलपार ,हल्द्वानी में अयोजित हुई उत्तराखंड राज्य स्तरीय जु-जित्सू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला, प्रिंसिपल सुरभि रस्तोगी, वाइस प्रिंसिपल रश्मि शर्मा, कॉर्डिनेटर हेमलता मेर, अलका भारद्वाज ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों एवं विद्यालय के जु-जित्सू कोच ऋषि पाल भारती सहित सभी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए सभी खिलाड़ियों को पदक पहनाकर व प्रमाणपत्र देकर स्वागत किया। वाइस चेयरमैन सतनाम चावला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीआरडी के छात्र शिक्षा के साथ-साथ वे हर क्षेत्र की गतिविधि में विकास कर सकें चाहे वह शिक्षा, खेल या अन्य कोई अतिरिक्त भूमिका हो। ताकि वे अपनी अपने छात्रों को एक अच्छा वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानाचार्य सुरभि रस्तोगी ने कहा कि



खेलकूद में भी नए नए कीर्तिमान प्राप्त कर रहे है, हमारे विद्यालय ने हमेशा अपने छात्रों को एक स्वस्थ और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान किया है ताकि वास्तविक क्षमता की भी पहचान करें। बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा एक उज्जवल भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए हम यहां विद्यालय के जु-जित्सू कोच ऋषि पाल भारती के दिशा निर्देशन प्रशिक्षण ले रहे छात्र निरंतर जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। ओर उन्होंने आगे कहा कि हमारा विद्यालय सर्वांगीण विकास पर ध्यान दे रहा है, जहाँ बच्चे सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम वर्क, और नेतृत्व क्षमता जैसे जरूरी जीवन कौशल भी सीख रहे हैं, जिससे उनका व्यक्तित्व निखर रहा है और वे भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। यह माहौल छात्रों को तनावमुक्त रखता है और उन्हें आत्मविश्वास से भर देता है। जानकारी देते हुए कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि विगत दिनों गोलाकार, हल्द्वानी के आईजीआई स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तराखंड जु-जित्सू एसोसिएशन के नेतृत्व में आयोजित हुई उत्तराखंड राज्य स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता 2025 में विद्यालय की कक्षा 12वीं (कॉमर्स) की छात्रा आस्था राणा ने अंडर 18 आयु वर्ग, (+57 किग्रा) भार वर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक एवं नेवाजा स्पर्धा में रजत पदक एवं कक्षा नौवीं के छात्र आरव छाबड़ा ने अंडर 16 आयु वर्ग (-48 किग्रा) भार वर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित किए। ओर उन्होंने आगे बताया कि यह दोनों खिलाड़ी दिनांक 19 से 23 दिसंबर 2025 तक आईजीआई स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में आयोजित होने जा रही नेशनल जु-जित्सू चौंपियनशिप में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के मनोज अरोरा, कुंदन कार्की, अमन सिंह, योगेश कुमार, विपुल, पवित्रा, शंकर सिंह सहित अन्य विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कोलम्बस स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आयोजित

रूद्रपुर। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 से 9 तक की अध्ययनरत् छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था की आयु में प्रवेश कर रही लड़कियों को मासिक धर्म से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना, उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और उनसे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना था। सत्र का संचालन बाठला अस्पताल एवं प्रसूति केंद्र की मशहूर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 मनप्रीत बाठला द्वारा किया गया, जिन्होंने मासिक धर्म को एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया। उन्होंने लड़कियों को यह संदेश दिया कि मासिक धर्म शर्म का नहीं, बल्कि शरीर की स्वस्थ कार्यप्रणाली का संकेत है।सवर्प्रथम विद्यालय केप्रधानाचार्य मनोज कुमार ने दुशाला ओढ़ाकर एवं पुष्पगुँज भेंट करडॉ0मनप्रीत बाठला का औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् डॉ0 मनप्रीत बाठला ने विद्यालय की कक्षा 5 से 9 वीं की छात्राओं को किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने किशोरावस्था के साथ आने वाले शारीरिक, मानिसक व हामोर्नल परिवतर्नों के बारे में खुलकर बात की। अपनी बातचीत के माध्यम से उन्होंने बढ़ती उम्र में आने वाले ऐसे बदलावों से निपटने के सही तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ0 मनप्रीत बाठला जी ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि लड़िकयों में मासिक धर्म का होना स्वाभाविक एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसकी नियिमतता स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान सेहत और स्वच्छता का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है, और अपने व्याख्यान में इसके तौर-तरीकों पर छात्राओं से जानकारी साझा की।सत्र के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी जिज्ञासाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने कई विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे, अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और मासिक धर्म से जुड़ी झिझक को खुलकर व्यक्त किया। इस संवादात्मक माहौल ने सत्र को और अधिक सार्थक तथा प्रभावी बना दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी ने इस सत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कायर्क्रमों के आयोजन का उद्देश्य किशोरावस्था की छात्राओं में उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना व ऐसे समाज का निमार्ण करने का प्रयास है जहाँ मासिक धर्म स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए। यह सत्र स्कूल के समग्र विकासवादी दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देता है।विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार खेड़ा जी ने कहा कि विद्यालय द्वारा की गई इस पहल ने न केवल छात्राओं में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि की। कोलंबस पब्लिक स्कूल की यह प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक छात्रा को सही जानकारी, समर्थन और सशक्तिकरण प्राप्त हो, जो कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।









## मुख्यमंत्री से की छोटे समाचार पत्रों की आर्थिक स्थिति सुधारने की मांग

देहरादून/ हल्द्वानी। राज्य के छोटे एवं मझोले समाचार पत्रों की आर्थिक स्थिति सुधारने की मांग को लेकर पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखण्ड ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। महासंघ ने मांग की है कि उत्तराखण्ड में भी डीएवीपी (अब सीबीसी) की तर्ज पर नई विज्ञापन दरें लागू की जाएं, ताकि पर्वतीय व ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को आर्थिक संबल मिल सके। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने कहा कि उत्तराखण्ड के दूरस्थ, सीमांत और पर्वतीय इलाकों में आज भी प्रिंट मीडिया ही सूचना का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। छोटे समाचार पत्र बेहद सीमित संसाधनों में जनहित की आवाज उठाते हैं और सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रसार करते हैं। ऐसे में मौजूदा विज्ञापन दरें उनकी लागत के अनुरूप नहीं हैं, जिससे अनेक प्रकाशन अस्तित्व संकट से जूझ रहे हैं।महासंघ ने ज्ञापन में डीएवीपी आधारित संशोधित दरें लागू करने, छोटे प्रकाशनों को प्राथमिकता देने, सभी श्रेणियों के समाचार पत्रों को समान अवसर देने और विज्ञापन भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाकर 45 दिनों में निपटान सुनिश्चित करने की मांग उठाई। श्री पाठक ने कहा कि अगर सरकार समय रहते विज्ञापन नियमावली में संशोधन करती है तो राज्य के छोटे व मध्यम समाचार पत्र सशक्त होंगे और जनसंचार व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर मीडिया को मजबूती प्रदान करेंगे।पर्वतीय पत्रकार महासंघ ने साफ कहा कि मीडिया लोकतंत्र की नींव है और उसे मजबूत करना राज्यहित में आवश्यक है।

## पंजाब स्टाइल कबड्डी कप में नशामुक्ति का दिया संदेश

### मलपुरी में स. गुरदीप सिंह जोहल की याद में प्रतियोगिता आयोजित

सितारगंज। स्वर्गीय सरदार गुरदीप सिंह जोहल की पुण्यतिथि पर ग्राम मलपुरी में सातवाँ पंजाब स्टाइल कबड्डी कप बड़े उत्साह से आयोजित किया गया। दर्शन सिंह जोहल, गुरदेव सिंह जोहल परिवार व मित्रगणों के सहयोग से लगातार सात वर्षों से हो रहा यह आयोजन क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से नशे से दूर रहने और युवाओं को खेल की ओर प्रेरित करने का संदेश दिया गया। परिवार की ओर से गुरवीर सिंह जोहल, अध्यक्ष शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट, ने कहा "युवा पीढ़ी को नशे से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका खेल है। हमारा उद्देश्य है कि गांव से लेकर शहर तक हर युवा खेल और अनुशासन से जुड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जत्थेदार बाबा मोहन सिंह जी, जत्थेदार बाबा कुलदीप सिंह जी, जत्थेदार बाबा पाल सिंह जी, उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल



जिंदल, जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल, बिलासपुर से गुरकीरत सिंह औलख, ब्लॉक प्रमुख बाजपुर जोरावर सिंह भुल्लर, नगर पंचायत नानकमत्ता के अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना, कांग्रेस से नवतेज पॉल, किसान यूनियन से बलजिंदर सिंह मान, बाजपुर के किसान नेता जगतार सिंह बाजवा उपस्थित रहे। वहीं हरियाणा से पहुंचे कोच सुरेश ताऊ, हरदेव सिंह सिद्धू व जसमेल सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दलजीत सिंह मंगा सर ने पूरे टूर्नामेंट में रेफरी की जिम्मेदारी निभाई। टूर्नामेंट में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से कुल 10 टीमें पहुँचीं। 65 किलो वर्ग में चार टीमों तथा ओपन वर्ग में चार टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। साथ ही दो लड़कियों की टीमों के शो मैच ने दर्शकों का दिल जीत लिया। ओपन वर्ग का प्रथम इनाम 61000 और दूसरा इनाम 41000 रहा, 65 किलो वर्ग का प्रथम इनाम 31000 और दूसरा इनाम 21000 रहा और सभी बुलाई हुई टीमों को प्रतिभाग की इनामी राशि दी गई ! जोहल परिवार मित्रगणो ने पहुँचे हुए सभी दर्शकों का धन्यवाद आभार जताया ।कड़े मुकाबलों के बाद ओपन वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता बनी, जबकि 65 किलो वर्ग में नानकपुरी टांडा की टीम विजेता रही। पूरे कार्यक्रम में खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## संजय जोशी सदस्यता अभियान समिति मुख्य प्रभारी नामित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई लालकुआं भंग करते हुए सदस्यता अभियान समिति का गठन किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने अवगत कराया कि आगामी नगर इकाई लालकुआं के चुनाव हेतु संगठन द्वारा सदस्यता अभियान समिति का गठन किया जा रहा है। वर्तमान नगर इकाई लालकुआं को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है। जिला उपाध्यक्ष संजय जोशी को सदस्यता अभियान समिति, लालकुआं का मुख्य प्रभारी नामित किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र ही 8 सदस्यीय समिति का गठन कर सदस्यता अभियान प्रारंभ करें, ताकि आगामी चुनाव की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा सके। साथ ही कहा कि निवर्तमान कार्यकारिणी चुनाव तक कार्यवाहक रूप में कार्य करेगी और सदस्यता अभियान में अपना पूर्ण सहयोग देगी।

## मैरिज पैलेस में पति की दूसरी शादी रोकने पहुंची पत्नी को पीटा

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में विवाहिता के साथ मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गजियावाला, थाना कैंट, जिला देहरादून निवासी बबीता पत्नी उमेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 19 अप्रैल 2018 को ग्राम गजियावाला, देहरादून में उमेश कुमार पुत्र यशपाल निवासी ग्राम लहसोई, थाना शीशगढ़, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा उसके साथ मारपीट की जाने लगी, जिसे उसने पारिवारिक जीवन बचाने की उम्मीद में सहन किया। पीड़िता के अनुसार, जब वह कुछ समय के लिए अपने मायके देहरादून गई थी, तभी उसे जानकारी मिली कि उसके पति उमेश कुमार ने बिना बताए छाया नामक युवती निवासी ग्राम उतरसिया, थाना बहेड़ी, जिला बरेली से दूसरा विवाह रूद्रपुर स्थित संगम वाटिका मैरिज पैलेस में तय कर लिया है। बताया गया कि 9 मई 2025 की शाम करीब 5 बजे बबीता अपने परिवार को बचाने के उद्देश्य से विवाह स्थल पर पहुंची। आरोप है कि वहां पहुंचते ही उमेश कुमार ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौच की और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। वहीं, दूसरी युवती छाया ने भी अपने भाई अमर सिंह, बहन कमलेश सहित अन्य परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उमेश कुमार ने उसे विवाह स्थल से बाहर निकलने की धमकी देते हुए जान से मारने की बात कही। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद उसने घटना की सूचना 112 नंबर पर दी। पीड़िता ने बताया कि वह पति द्वारा किए गए पुनर्विवाह को लेकर न्यायालय में भी कानूनी कार्रवाई करेगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# लकड़ी तस्करों ने आधा दर्जन हरे भरे पेड़ों पर चलाई आरी

### पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम भंगा में ग्राम समाज की भूमि पर खड़े थे शीशम, नीम और बकैन के ६ हरे भरे पेड़

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के साथ मिली भगत कर ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर लगे आधा दर्जन हरे पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही सभी तस्कर लकड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची तहसील प्रशासन की टीम ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तथा मामले से अनभिज्ञता जाहिर कर अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम भंगा में ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर लगे आधा दर्जन हरे पेड़ों पर तस्करों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि से मिली भगत कर आरी चला दी। मामले की जानकारी के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और तमाम ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हरे पेड़ काटे जाने का विरोध किया। ग्राम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विपिन शर्मा द्वारा पुलभट्टा थाना पुलिस, तहसील प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों को मामले की फोन पर सूचना दी गई। मामले की सूचना पर पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही पेड़ काट रहे तस्कर काटे गए पेड़ छोड़कर मौके से फरार हो गए। जांच में सामने आया कि तस्करों ने ग्राम पंचायत की भूमि पर लगे वर्षों पुराने हरे भरे शीशम, नीम एवं बकेंन के दो-दो पेड़ काट दिए गए थे। तहसील



प्रशासन की टीम ने भी मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।सामाजिक कार्यकर्ता विपिन शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा उत्तराखंड- उत्तर प्रदेश की सीमा पर मौजूद तथा ग्राम भंगा से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित वन विभाग चौकी पर तैनात डिप्टी रेंजर एस. एस. डांगी को तीन बार फोन कर मामले की जानकारी देते हुए मौका मुआयना करने तथा तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने मौका मुआयना करने तक की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते तस्करों द्वारा खुलेआम हरे भरे पेड़ों को अवैध रूप से काटकर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है तथा सूचना देने के बावजूद भी विभागीय अधिकारी निजी स्वार्थ के चलते तस्करों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में डिप्टी रेंजर डांगी से फोन पर मामले की जानकारी देते हुए सवाल पूछे जाने पर उन्होंने पूरे मामले से अपना पल्ला झाड़ने हुए पेड़ काटने के मामले की जानकारी होने से ही साफ इनकार कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि ग्राम भंगा में हरे पेड़ काटे जाने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। इधर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविंदर गंगवार ने बताया कि ग्राम सभा की भूमि के रखरखाव तथा साफ सफाई के उद्देश्य से ग्रामीणों की सहमति के बाद मौके पर लगे पेड़ों को कटवाया गया है ताकि पूरे क्षेत्र की तार-बाड़ कर सरकारी भूमि को सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल काटे गए पेड़ ग्राम समाज की भूमि पर सुरक्षित रखे हुए हैं तथा उप जिलाधिकारी से वार्ता के बाद उनके निर्देश पर आगे की कार्रवाई एवं प्रक्रिया की जाएगी। फिलहाल ग्राम भंगा में बिना परमिशन के अवैध रूप से काटे गए आधा दर्जन हरे पेड़ों के मामले में वन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है तथा अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि वन विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सैनिक स्कूल व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण की श्रेष्ठ पाठशाला: धामी

## मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के हीरक जयंती समारोह का किया उद्घाटन

भीमताल/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षको, अभिभावकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा ईश्वर से ऐतिहासिक सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों एवं कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर देश एवम् राज्य, शिक्षकों, अभिभावकों का नाम रोशन करने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्कूल न सिर्फ हमारे राज्य बल्कि पूरे देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है, उन्होंने कहा कि ये वो संस्था है, जिसने दशकों से राष्ट्र को अनुशासन, परिश्रम और अदम्य राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत युवा प्रदान किए हैं और जिसके बारे में बचपन से मैं स्वयं सुनता आया हूँ। उन्होंने कहा कि यह सैनिक स्कूल उत्कृष्टता की परंपरा और उच्चतम मानकों के साथ सैन्य अधिकारियों को तैयार करने में अपना जो योगदान देता आया है वो अद्वितीय है। इस स्कूल की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। यहां से निकले हुए छात्र न केवल भारतीय सेना में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर देश की सेवा कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि ये विशिष्ट विद्यालय आपको सिर्फ किताबी शिक्षा नहीं देता बल्कि आपके व्यक्तित्व तथा भविष्य का निर्माण भी करता है। उन्होंने कहा कि यहां एक अच्छा नागरिक, एक आदर्श सैन्य अधिकारी और सबसे महत्वपूर्ण एक अच्छा एवं अनुशासित इंसान बनने की सीख एवं प्रेरणा मिलती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि इस विद्यालय में पढ़ते हुए उनमें कब नेतृत्व, शौर्य और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो जाएगी, इसका पता उन्हें इस स्कूल से जाने के बाद लगेगा। क्योंकि ये बात यहां से पास आउट होकर बड़े सैन्य अधिकारी बने बहुत से ऑफिसर्स ने कहीं है व बताई है। उन्होंने कहा कि घोड़ाखाल की मिट्टी में जो जज्बा है, वो यहाँ पढ़ने वाले बाकी छात्रों से अलग खड़ा करता है। यही जज्बा आप सभी को आगे चलकर भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में श्रेष्ठ अधिकारी के रूप में देश की सेवा के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में सर्वाधिक प्रविष्टियाँ देने का रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। इस उपलब्धि को हासिल करना और रक्षा मंत्री ट्रॉफी को 10वीं बार जीतना, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कैडेट्स, शिक्षकों और संस्थान के नेतृत्व की लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर सभी को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ ही वीरभूमि भी है, क्योंकि उत्तराखंड की माटी में जन्मे अनेकों वीरों ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। आज भी बड़ी संख्या में उत्तराखंड के वीर जवान देश की रक्षा में तैनात हैं।मुख्यमंत्री ने सैनिक पुत्र के रूप में स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि मैं भी एक सैनिक का पुत्र हूँ और एक सैनिक-पुत्र होने के नाते मैं सैनिक परिवारों में बच्चों को मिलने वाले राष्ट्रसेवा और अनुशासन के संस्कारों से भली भाँति परिचित हूँ और चुनौतियों तथा परेशानियों को बहुत नजदीक से देखा है। उन्होंने सभी कैडेट्स से कहा कि आपने यहां जो अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण सीखा है, वही आपको जीवन की हर चुनौती का सामना सफलतापूर्वक करने की शक्ति देगा। क्योंकि, इस विद्यालय की स्कूल ड्रेस एक साधारण कपड़ा नहीं, बल्कि एक अनुशासन, एक सम्मान और एक वचन है।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेना और सैनिक स्कूलों को मजबूत करने के लिए अनेकों कदम उठाए गए हैं। नई शिक्षा नीति में देश के सैनिक स्कूलों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आज सैनिक स्कूलों का विस्तार करने के साथ ही नए सैनिक स्कूलों की स्थापना भी की जा रही है। आदरणीय मोदी जी द्वारा रक्षा बजट में भी निरंतर वृद्धि की गई है, जिससे सेना के आधुनिकीकरण और उसकी क्षमताओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले हम बड़ी संख्या में विदेशों से रक्षा उत्पाद खघ्रीदते थे लेकिन आज भारत विश्व के अनेकों देशों को अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों एवं हथियारों का निर्यात कर रहा है। आज भारत टॉप निर्यातक देशों में शामिल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय मोदी जी ने दशकों से लंबित 'वन रैंक-वन पेंशन' योजना को लागू करके पूर्व सैनिकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ ही उनके मान-सम्मान की रक्षा करने का भी ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी सैनिकों, शहीदों एवं पूर्व सैनिकों का मान-सम्मान और उनके परिवार का कल्याण सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को 5 गुना बढ़ाना हो, शहीदों के एक आश्रित को सरकारी नौकरी देना हो या पूर्व सैनिकों को विभिन्न प्रकार की छूट प्रदान करना हो, हमारी सरकार हर वो प्रयास कर रही है जिससे सैनिकों एवं उनके परिवारों का उत्थान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी राशि में भी अभूतपूर्व वृद्धि की है। वहीं दूसरी ओर, प्रदेश के बलिदानियों की स्मृति में भव्य सैन्य धाम का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कैडेट्स और विद्यार्थियों को अभिभावक के रूप में मार्गदर्शित करते हुए कहा कि आप जीवन में जो भी संकल्प लें, उस पर मन लगाकर कार्य करें, उसके आगे किंतु-परंतु का कोई विकल्प न रखें। उन्होंने कहा कि आपका संकल्प विकल्प रहित होना चाहिए, क्योंकि जब आपका संकल्प, विकल्प रहित होता है तो सिद्धि अवश्य मिलती है। उन्होंने सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन विजय सिंह एवं उनकी पूरी टीम को विद्यालय में शिक्षा के स्टैंडर्ड को मेंटेन रखने के लिए साधुवाद किया। इस दौरान बेस्ट जूनियर हाउस, बेस्ट सीनियर हाउस, सी.हाउस आदि के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मेंविधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, मंडलायुक्त दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी सहित विद्यार्थी, अभिभावक आदि उपस्थित थे।







## भाजपा के मोर्चों के जिलाध्यक्षों के नाम घोषित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति व मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों से परामर्श के पश्चात नैनीताल जिले में मोर्चों के जिला अध्यक्षों की घोषणा की हैं। जिसमें युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट, महिला मोर्चा की श्रीमती कंचन उप्रेती, किसान मोर्चा के गणेश शाह, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नन्हे कश्यप , अनुसूचित जाति मोर्चा के रवींद्र बाली तथा अल्प संख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष अली नकवी को बनाया गया है।




## मलेरिया स्लाइड निर्माण की दी जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया स्लाइड निर्माण व गुणवत्ता जाँच हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सम्पादित किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता डॉ. अंजनी कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, गदरपुर द्वारा की गयी। जिसमे ब्लॉक गदरपुर की 50 आशाओ एवं आशा फैसिलिटेटर द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम गुरनाम सिंह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी द्वारा मलेरिया रोग पर सामान्य परिचय दिया गया। इसके पश्चात् लैब तकनीशियन दीपक द्वारा आशाओ एवं आशा फैसिलिटेटर को मलेरिया स्लाइड निर्माण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में वेक्टर जनित रोग सलाहकार राहुल कुमार, जिला आशा समन्वयक निधि शर्मा, सौरभ शर्मा एवं ब्लॉक आशा समन्वयक सीमा रानी आदि लोग उपस्थित रहें।



## ट्रांजिट कैम्प में राशनकार्ड केवाईसी शिविर आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पार्षद शुभम दास के नेतृत्व मैं ट्रांजिट कैम्प स्थित राधा गोविंद मंदिर मैं शुक्रवार को वार्ड तीन के निवासियों के लिए राशन कार्ड केवाईसी का कैम्प लगाया गया। जिसमें वार्ड के सेकड़ो लोगो ने राशन कार्ड का केवाईसी करवाया। इस दौरान अधिकृत कर्मचारी द्वारा शिविर में आए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड नम्बर और अंगुलियों के निशान राशन कार्ड में दर्ज रिकॉर्ड से मिलाए गए। आज शिविर में वार्ड चार के निवासियों के राशनकार्ड की केवाईसी की जा रही है। इस मौके पर पार्षद शुभम दास के साथ पार्षद सुशील मंडल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परिमल राय व केना मंडल आदि ने सहयोग किया।



## ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनजागरूकता जरूरी: ज्योति ग्रोवर

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायतों में बढ़ती कूड़ा-कचरा समस्या को लेकर न्याय पंचायत बराखेड़ा में पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर की अध्यक्षता और सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर की मौजूदगी में हुई बैठक में स्वच्छता को लेकर ठोस पहल करने पर जोर दिया गया।ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनता की जागरूकता सबसे आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जल्द ही गांवों में जागरूकता अभियान शुरू किए जाएंगे, जिनमें लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा।सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतों को स्वच्छता के लिए हर संभव सहयोग दे रही है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के प्रभावी संचालन के लिए पंचायतों को तकनीकी सहायता के साथ वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रोवर ने कहा कि कूड़ा निस्तारण एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो पंचायत कचरा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करेगी, उसे डेढ़ लाख रुपये का विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने पंचायतों से अपील की कि वे कूड़ा निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए मॉडल पंचायत बनने की दिशा में ठोस कदम उठाएँ।बीडीओ अतिया परवेज ने कहा कि गांवों में कचरा प्रबंधन बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसको देखते हुए ग्राम पंचायतों को कचरा एकत्र करने के लिए वाहन क्रय करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए तथा उनके क्रियान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी। बैठक मेंज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर, प्रधान संघ अध्यक्ष मीना चौधरी, हेमचंद कांडपाल, प्रदीप सिंह, सचिन बजाज, बलवीर चंद, सुमन देवी, सीमा कुशवाहा सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## मलकानगिरी मे बंगाली समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साहा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मुलाकात कर उड़ीसा राज्य के मलकानगिरी मे बंगाली समाज पर हो रहे अत्याचार एवं उत्पीड़न के विरोध मे उनके माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को सुरक्षा हेतु प्रभावी कार्यवाही कर मानवाधिकार हितो की रक्षा हेतु ज्ञापन प्रेषित किया गया। प्रतिनिधिमंडल मे हिमांशु सरकार, शिवकुमार राय, विश्वजीत मण्डल, गणेश सरकार, अमलेनदु ढाली, महेश राय, विशाल शील, निमाई गोलदार, सुशांत मण्डल, ओमियो वैरागी, दिलीप वैरागी , शिवपद मण्डल, भुवन मण्डल, दीपक वैरागी, कृष्णपद मण्डल आदि मौजूद रहे।



# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सीएम ने किया सम्मानित

## कुमाऊँ उदय सम्मान समारोह में सीएम ने गिनाई उपलब्धियाँ, तराई के विकल्प-रहित विकास का संकल्प दोहराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर के स्थानीय होटल में आयोजित कुमाऊँ उदय सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सम्मान समारोह में सम्मानित हुए व्यक्तियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारा राज्य विकास और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा आज राज्य के शहरों से लेकर सुदूर पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। हमारी सरकार द्वारा ऊधमसिंह नगर जनपद और रूद्रपुर क्षेत्र के विकास के लिए भी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार द्वारा रुद्रपुर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। हम जहां एक ओर लगभग 590 करोड़ रुपए की लागत से रूद्रपुर बाईपास निर्माण करा रहे हैं, वहीं, रूद्रपुर को खटीमा -टनकपुर एवं गदरपुर-जसपुर से जोड़ने वाली चार लेन सड़कों का निर्माण भी करा रहे हैं। इसके साथ ही, हम लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से मानूनगर-गदरपुर से दिनेशपुर-मटकोटा होकर सीधे हल्द्वानी को जोड़ने वाले मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य भी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के साथ-साथ नई सिग्नल लाइनें और दो रेल ओवरब्रिज का निर्माण भी कराया जा रहा है। जल निकासी की समस्या के समाधान के



लिए रुद्रपुर के मास्टर ड्रेनेज प्लान को मंजूरी प्रदान की गई है, साथ ही सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट्स का निर्माण भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में 15 करोड़ रुपये की लागत से उत्तराखंड के पहले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का भी निर्माण कराया जा रहा है, साथ ही, 17 करोड़ रुपये की लागत से एक एडवांस कूड़ा प्रबंधन प्लांट भी स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज यदि हम उधमसिंह नगर जनपद की बात करें तो, किच्छा में 351 करोड़ रुपए की लागत से 100 एकड़ भूमि पर एम्स ऋषिकेश के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही, हम पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा का निर्माण भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने जहां एक ओर गदरपुर और खटीमा में बाईपास का निर्माण कार्य कराया है, वहीं खटीमा और किच्छा में बस अड्डों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, हमने रूद्रपुर, गदरपुर और चकरपुर में खेल स्टेडियम, बहुउद्देश्यीय हॉल, साइकिलिंग ट्रैक और एथलेटिक्स ट्रैक सहित विभिन्न प्रकार की खेल सुविधाओं का निर्माण कार्य भी कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जहां एक ओर काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। वहीं, हम खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की स्थापना के माध्यम से इस पूरे क्षेत्र के विकास को गति देने का प्रयास भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण पुनः प्रारंभ कर पूरे तराई क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान करने की दिशा में कार्य कर रहे है। इसके साथ ही, हमारी सरकार ने गन्ना किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से हाल ही में गन्ने के समर्थन मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। जिससे हमारे गन्ना किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तराई क्षेत्र के समग्र विकास और लोगों की समृद्धि के लिए अपने षविकल्प रहित संकल्पष के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी और हम सभी मिलकर तराई को एक आधुनिक और विकसित क्षेत्र बनाने के स्वप्न को अवश्य साकार करेंगे। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।







# पत्रकारों ने सूचना विभाग के महानिदेशक का किया स्वागत

रूद्रपुर।अपर सचिव मुख्यमंत्री /सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान जिला सूचना कार्यालय पहुंचे। कार्यालय पहुँचने पर जिला सूचना अधिकारी गोविंद सिंह बिष्ट सहित जिले के पत्रकार बंधुओं ने उन्हें पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर महानिदेशक ने पत्रकारों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित करते हुए उनके सुझाव, समस्याएँ एवं कार्य-सम्बंधी मुद्दे विस्तारपूर्वक सुने। श्री तिवारी ने कहा कि मीडिया समाज और प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करती है तथा जनसरोकारों को उजागर करने में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए उनकी निष्पक्ष एवं जनहित को प्राथमिकता देने वाली कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पत्रकारों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर विभागीय स्तर से संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा शीघ्रता से समाधान किया जायेगा। श्री तिवारी ने जिला सूचना अधिकारी एवं समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को गुणवत्तापूर्ण सूचना प्रसारण, त्वरित तथ्य संप्रेषण तथा सकारात्मक संवाद की संस्कृति को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। महानिदेशक ने कहा कि तेजी से बदलते सूचना-परिदृश्य में मीडिया की जिम्मेदारियाँ और बढ़ गई हैं, ऐसे में सत्य, पारदर्शिता और जनविश्वास को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं एवं जनसंचार से संबंधित गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की। पत्रकार साथियों ने श्री तिवारी का आभार व्यक्त किया और बेहतर सहयोग एवं समन्वय के लिए विभाग से प्राप्त आश्वासनों का स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकार संदीप कुमार, अजय जोशी, भरत शाह, वीरेन्द्र बिष्ट, राजीव शंकर शुक्ला, सुरेन्द्र गिरधर, अरविन्द सिंह, ललित शर्मा, दुर्गेश तिवारी, वेद प्रकाश, सौरभ गंगवार, संदीप पाण्डे, नरेंद्र राठौर, सुरेन्द्र कुमार आदि थे।





# सांसद भट्ट ने उठाई विकासखंडों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग

नई दिल्ली/हल्द्वानी। उत्तराखंड की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और विकास खंडों के बीच लंबी दूरियों को देखते हुए लोकसभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा गूंजा। नैनीताल-उधम सिंह नगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सदन में नियम 377 के अधीन राज्य में विकासखंडों की संख्या बढ़ाए जाने की पुरजोर मांग उठाई। सांसद भट्ट ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में एक विकासखंड से दूसरे तक पहुंचना जनता के लिए चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में केंद्र सरकार की योजनाओं को ब्लॉक स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने में कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि आम जनता को अपने रोजमर्रा के



सरकारी कार्यों के लिए भी दूर-दराज के क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में नए विकासखंडों का गठन अत्यंत आवश्यक है, ताकि योजनाओं का लाभ लोगों तक सुगमता से पहुंचे और प्रशासनिक कार्यों में तेजी आए।

# धूमधाम से मनाई जायेगी पं० मदन मोहन मालवीय की जयंती

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सनातन धर्म के संस्थापक भारत पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा की ओर से कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आयोजन को लेकर पांच मंदिर में बैठक में आयोजित हुई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक में तय किया गया कि जयंती के उपलक्ष्य में 17 दिसम्बर को दोपहर



ढाई बजे शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा पांच मंदिर से शुरू होगी। यात्रा में शामिल महिलाएं दुर्गा मंदिर से जल लेकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पांच मंदिर में कलश यात्रा का समापन होगा। 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक रोजाना 3 बजे से 5.30 बजे तक पांच मंदिर में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें श्री श्री 1008 स्वामी पद्मनारायणाचार्य जी महाराज कथा करेंगे। 25 दिसंबर को पांच मंदिर में पंडित मदन मोहन मालवीय जी को पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। इसके पश्चात हवन और भंडारा आयोजित होगा। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमियों से पहुंचने का आहवान किया। 17 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा मंदिर से बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर से जल लेंगे मेन मार्केट होते पांच मंदिर में सम्पन्न होगी। बैठक में अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय विरमानी, अमित अरोरा बॉबी, राजेश छाबड़ा, राजकुमार खनीजो, राजेन्द्र खनिजो, अमित बांगा, राकेश राजदेव, बंटी ग्रोवर, दीपक राजदेव, दीपक गुगलानी, संदीप धीर, दीपक अरोरा आदि मौजूद थे।

# डा. चंदोला ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

रूद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. केसी चंदोला ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. चंदोला ने मुख्यमंत्री को उत्तराखंड के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक और दूरदर्शी कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान डॉ. केसी चंदोला ने मुख्यमंत्री को चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल द्वारा चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि आमजन को सुलभ, किफायती और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। कॉलेज द्वारा ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, जनजागरूकता कार्यक्रमों तथा विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण



पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. चंदोला ने कहा कि आयुष पद्धति के अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सा का महत्व निरंतर बढ़ रहा है और चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज इस दिशा में प्रदेश में एक अग्रणी संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं तथा भविष्य की योजनाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. केसी चंदोला द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्व पूर्ण अंग है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आयुष,विशेषकर होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चौट जीपीटी की भूमिका

कोई भी तकनीक अगर मनुष्य के लिए सहयोगी की भूमिका में है, तो वह बेशक फायदेमंद हो सकता है, लेकिन वह अगर निर्भरता का मामला बनता है तो उसके घातक नतीजे भी सामने आ सकते हैं। इस लिहाज से देखें तो समूची दुनिया में इंटरनेट के तेजी से विस्तार के साथ मनुष्य को अपने जीवन के विविध पक्षों के लिए बहुस्तरीय सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके नए स्वरूप ने कुछ ऐसी स्थितियां भी पैदा की हैं, जिससे पार पाना अब एक अहम चुनौती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ के अलग-अलग मंचों ने आज हरेक विषय पर जानकारी हासिल करने से लेकर कई स्तर पर अपनी उपयोगिता की वजह से व्यापक जगह बना ली है। इसी क्रम में एक पहलू इस तकनीक के साथ संवाद भी है, जहां किसी व्यक्ति के अमूमन हर तरह के सवाल का जवाब मिल सकता है। यह अलग बात है कि उसके सही या गलत होने की परख के लिए इंसान को अपने विवेक को सजग रखना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की इस खासियत का प्रचार-प्रसार तो बहुत हुआ, लेकिन इसकी सीमाओं के बारे में ज्यादातर लोगों के पास ठोस जानकारी और उसके उपयोग के लिए उचित प्रशिक्षण नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि कई बार लोग और खासतौर पर बच्चे एआइ के साथ संवाद के क्रम में उलझ जाते हैं या फिर भ्रम का शिकार होकर कोई प्रतिगामी कदम भी उठा लेते हैं। कोई आनलाइन गेम खेलते हुए बच्चों के आत्महत्या कर लेने की खबरें पहले भी आती रही हैं, लेकिन अब कुछ मामलों में एआइ से संवाद को हत्या तक के लिए जिम्मेदार बताया जाने लगा है। गौरतलब है कि अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के कनेक्टिकट में एक तिरासी वर्ष की बुजुर्ग महिला के परिजनों ने हत्या और आत्महत्या के मामले में चौटजीपीटी की भूमिका को लेकर ओपनएआइ और माइक्रोसाफ्ट के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि एआइ वाले चौटबाट ने बेटे के मन में अपनी मां के बारे में भ्रम और संदेह को इतना बढ़ाया कि उसने मां की हत्या करके आत्महत्या कर ली। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस एआइ ने हत्या करने वाले व्यक्ति के मन में सबके साथ-साथ अपनी मां के प्रति भी केवल शक और आशंका भर दी। उसे चौटजीपीटी को छोड़ कर अन्य किसी की भी बात पर विश्वास नहीं रहा। इस तरह की अनेक घटनाएं यही दर्शाती हैं कि हर बात या काम के लिए एआइ या आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता कैसे इंसान की संवेदना, उसके आत्मविश्वास और यहां तक कि विवेक को निष्क्रिय कर दे सकती है, जिसके बाद व्यक्ति अपनी सोच-समझ से कोई भी प्रतिक्रिया दे सकने में अक्षम हो जाता है। आज अपने आसपास देखा जा सकता है कि लोग आधुनिक तकनीक को जरूरत से ज्यादा अहमियत देने, उसमें लीन रहने के क्रम में कैसे मानवीयता और संवेदना के मूल्यों को कोई पिछड़ा या दोयम दर्जे का मूल्य मानने लगे हैं। ऐसी स्थिति में कई बार एक शख्स किसी अन्य व्यक्ति की बातों को संदेह की नजर से देखता है या फिर उसे अधूरा मानता है, लेकिन समान संदर्भ में वह एआइ की बातों को अधिक विश्वसनीय और शक से परे मानता है। जबकि एआइ की सीमा उसका मशीनी होना है, जिसकी तुलना मनुष्य की चेतना और उसके विवेक के साथ नहीं की जा सकती। एक बड़े दायरे में एआइ की भूमिका जरूर बढ़ रही है, लेकिन अभी यह जिस अवस्था में है, उसमें इस पर पूरी तरह निर्भरता के अपने खतरे हैं।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव, जेसीबी का शीशा टूटा

हल्द्वानी। मुखानी चौराहे से क्रियाशाला रोड के बीच अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान शनिवार को स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब कब्जाधारक पक्ष के लोगों ने नगर निगम की जेसीबी मशीन पर पथराव कर दिया। इस हमले में जेसीबी का अगला शीशा पूरी तरह टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन ने तुरंत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी भारी संख्या में मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि पर प्रस्तावित हाइटेक शौचालय निर्माण के लिए की जा रही थी। शहर में स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस भूमि पर आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण प्रस्तावित है। टीम के मौके पर पहुंचते ही कब्जाधारक पक्ष ने विरोध करना शुरू किया। प्रारंभ में विवाद और बहसबाजी हुई, लेकिन देखते ही देखते माहौल गरमाता चला गया और भीड़ ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। पथराव के दौरान जेसीबी मशीन को निशाना बनाया गया और पत्थर लगने से जेसीबी का शीशा चटक कर टूट गया। जेसीबी में मौजूद चालक और कर्मचारी किसी तरह सुरक्षित रहे। इस घटना के बाद कर्मचारी और मजदूर इध



र-उधर भागने लगे, जिससे अफरा-तफरी फैल गई। यह मामला हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र के हीरानगर वार्ड संख्या 17 का है। संबंधित भूमि सिंचाई विभाग की है और निजी कब्जा अवैध है। बावजूद इसके कुछ लोगों ने अस्थायी और अर्द्ध.पक्के ढांचे बना रखे थे, जिन्हें अतिक्रमण के रूप में चिन्हित किया गया था। पथराव की सूचना मिलते ही कोतवाली हल्द्वानी और मुखानी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। प्रारंभिक हालात और सुरक्षा कारणों के चलते प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई फिलहाल रोक दी। अधिकारियों ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम के बिना कार्रवाई जारी रखना जोखिम भरा हो सकता है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी टीम पर पथराव, सरकारी कार्य में बाधा डालना और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है। इस संबंध में वीडियो फुटेज और फोटो इकट्ठा किए जा रहे हैं और मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हाइटेक शौचालय निर्माण कार्य को नियमानुसार पूरा कराया जाएगा। पर्याप्त पुलिस सुरक्षा के बाद दोबारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा, ताकि सार्वजनिक सुविधा हेतु स्वीकृत परियोजना में किसी प्रकार की बाधा न आए।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# विधायक शिव अरोरा ने नए जिला अध्यक्षों का किया स्वागत



रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के संगठन विस्तार के तहत ऊधम सिंह नगर जिले में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप में राजेश बजाज और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप में विपिन गहलोत (बिट्टू चौहान) की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर दोनों जिला अध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा के आवास पर पहुंचे और नवीन दायित्व मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया। विधायक शिव अरोरा ने दोनों जिला अध्यक्षों को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और कहा कि राजेश बजाज और बिट्टू चौहान काफी अनुभवी हैं और पहले भी पार्टी संगठन में अनेक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में युवाओं और किसानों का जुड़ाव पार्टी के प्रति मजबूत होगा। राजेश बजाज और बिट्टू चौहान ने भी विधायक शिव अरोरा को भरोसा दिलाया कि वे पार्टी संगठन और विधायक के विश्वास पर खरे उतरेंगे और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुँचाने में पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने दोनों जिला अध्यक्षों का स्वागत करते हुए उन्हें मिष्ठान खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य तथा नवीन दायित्व की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान गदरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, अनमोल विर्क, अशोक बजाज, जुल्फेकार अली, मनोज मदान, ग्राम प्रधान सुमंगल, मनीष गोस्वामी, विकास सागर, गुलशन बजाज, राकेश बठला, हरजीत सिंह, गुरबचन सिंह, सुखदेव सिंह, मुकेश कुमार, रामप्रकाश सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे।

# निकाह के बाद कार और पांच लाख की मांग, घर से निकाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली रूद्रपुर क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और अमानवीय व्यवहार का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता तहबा नूर ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की लगातार मांग, शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तथा स्त्रीधन हड़पने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसका निकाह 10 मई 2024 को मुस्लिम रीति-रिवाज से विक्की खान पुत्र मोहम्मद जान, निवासी गांधी कॉलोनी, वार्ड नंबर-27, रूद्रपुर से हुआ था। विवाह में पीड़िता के मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब 18 लाख रुपये खर्च कर सोने-चांदी के आभूषण, कीमती कपड़े, फर्नीचर, घरेलू सामान और नकदी उपहार स्वरूप दी थी। इसके बावजूद निकाह के दौरान ही ससुराल पक्ष ने दहेज को कम बताते हुए कार और पांच लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि विवाह समारोह के दौरान ही पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी ने मायके पक्ष से तीखी बहस की और बारात वापस ले जाने की धमकी दी। समाज के गणमान्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह विदाई कराई गई। पीड़िता ने बताया कि निकाह से पहले उसे और उसके पति को ग्राम भमरौला स्थित एक मकान में रहने का भरोसा दिया गया था, जिसकी सजावट और फर्नीचर का खर्च भी मायके पक्ष से कराया गया, लेकिन निकाह के बाद उसे धोखे से गांधी कॉलोनी स्थित ससुराल के मकान की तीसरी मंजिल पर रखा गया। विदाई के बाद से ही पीड़िता को दहेज कम लाने के ताने दिए जाने लगे और चार पहिया थार गाड़ी व पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया गया। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पीड़िता के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता के अनुसार 22 फरवरी 2025 की रात करीब 8:10 बजे ससुराल पक्ष के सभी नामजद लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, उसका समस्त स्त्रीधन अपने कब्जे में ले लिया और गाली-गलौज करते हुए पहने कपड़ों में ही घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही धमकी दी गई कि यदि मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं की तो उसे तलाकशुदा मान लिया जाए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी ननदें और उनके पति भी समय-समय पर आकर ससुराल पक्ष के साथ मिलकर उत्पीड़न में सहयोग करते रहे। कई बार समझाने-बुझाने के प्रयास किए गए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला, उल्टे मायके पक्ष को धमकियां दी जाने लगीं। थक-हारकर पीड़िता ने कोतवाली रूद्रपुर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पति विक्की खान, सास चमन, ससुर मोहम्मद जान, जेठ शैजी खान, जेठानी अंजुम, ननद महरीन और इमरान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एक्सीडेंट में घायल राजमिस्त्री की उपचार के दौरान मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल राजमिस्त्री की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम शिवलालपुर अमर झंडा तहसील काशीपुर निवासी सैंपल पुत्र भजन सिंह ने बताया कि उसका भाई राजमिस्त्री का काम करता है। बीते 8 दिसंबर की शाम लगभग 6बजे एक अस्पताल के कर्मचारियों ने बोर्ड लगाने के लिए उसे रामनगर रोड पर फ्लाईओवर के समीप बुलाया और गड्ढा करने को कहा। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसका भाई डिवाइडर के समीप गड्ढा कर रहा था इसी दौरान स्विफ्ट डिजायर कार संख्या डीएल 2सीएपी/1688 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से उसके भाई को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और रामनगर की ओर फरार हो गया। घटना के तत्काल बाद घायल राजमिस्त्री को राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान घायल राजमिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# कल महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली महारैली में दिखाएंगी दम: मीना शर्मा



रुद्रपुर।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली "वोट चोर, गद्दी छोड़" महारैली में रुद्रपुर से भी सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसमें बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता भी शामिल होंगी।मीना शर्मा ने बताया कि वह खुद रुद्रपुर से बसों में जा रहे दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ रैली में शामिल होंगी। उनका यह कदम कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखने और उन्हें सक्रिय रूप से रैली में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से है।श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि यह रैली कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे अपनी एकजुटता और पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता दिखा सकेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बिना किसी भय या संकोच के इस आयोजन में भाग लें और रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दें। रुद्रपुर से दिल्ली जाने वाली बसों में महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं का मिश्रित जत्था होगा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं को समान रूप से सक्रिय कर रहा है और आगामी राजनीतिक आंदोलनों के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों से कल दिल्ली पहुंचने आ आह्वान किया।

# अधिवेशन में किया निर्वाचित पदाधिकारियों का चयन

शक्तिफार्म। राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड की सितारगंज ब्लॉक इकाई का षष्ठम द्विवार्षिक ब्लॉक स्तरीय अधिवेशन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, सितारगंज में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में शैक्षिक उन्नयन संबंधी विचार-विमर्श तथा द्वितीय सत्र में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। अधिवेशन में निर्वाचित पदाधिकारियों का चयन पूर्णतः सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर हरिशंकर यज्ञिक, ब्लॉक मंत्री पद पर दिवाकर हालदार, उपाध्यक्ष (पुरुष) बंशीधर रीखड़ी, उपाध्यक्ष (महिला समिति) रेखा पाराशर, संयुक्त मंत्री मनोज कुमार राजपूत तथा आय व्यय निरीक्षक के रूप में उमेश पांडे चुने गए। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी चुनाव पर्यवेक्षकों जानकी अधिकारी (महिला संयुक्त मंत्री, उधम सिंह नगर)



एवं विकास पांडे (जनपदीय पदाधिकारी) ने की। कार्यक्रम में संयोजक शरद पंत, इस्तफाक अंसारी, मंडलीय उपाध्यक्ष महेंद्र पटवाल, प्रांतीय ऑडिटर राजेंद्र सिंह 'बरगली' सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अधिवेशन में उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यालयी वातावरण को सुदृढ़ करने तथा संगठन को अधिक प्रभावशाली बनाने पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न होने पर सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

# गुरुकुल इंटर कॉलेज के छात्र सागर ने राज्यस्तरीय हॉकी में जीता कांस्य पदक

रुद्रपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग, देहरादून द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय विद्यालय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 में गुरुकुल इंटर कॉलेज, ट्रांजिट कैंप के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबलों में अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और परिश्रम का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रदेश के शीर्ष विद्यालयों की



कक्षा 11वीं के छात्र सागर कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। राजेन्द्र लाल एवं श्रीमती शांति देवी के पुत्र सागर कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए टीमों ने भाग लिया, जहां सागर कुमार की टीम ने उत्कृष्ट सामंजस्य और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर गुरुकुल इंटर कॉलेज परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी माननीय श्री सावेद आलम उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल उत्कर्ष आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य माननीय दयानन्द पाण्डेय ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य माननीय एस.पी. सरकार ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से सागर कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक सुधांशु मंडल सहित समस्त गुरुकुल परिवार ने सागर कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस.पी. सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि सागर कुमार की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, लगन और विद्यालय के खेल विभाग के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

# सभासद रवि बने ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर पालिका सितारगंज के वार्ड पांच से सभासद रवि रस्तोगी को भाजपा ओबीसी मोर्चा, उधमसिंहनगर का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। रवि रस्तोगी को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल की बेहद करीबी और भरोसेमंद नेता माना जाता है। संगठन में उनकी सक्रियता, जमीनी पकड़ और निरंतर कार्यशैली को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।खास बात यह है कि जिस वार्ड 5 से आज रवि रस्तोगी सभासद हैं, उसी वार्ड से पूर्व में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के पूज्य पिता भी सभासद रह चुके हैं। इसे संगठन और सेवा की सशक्त परंपरा का प्रतीक माना जा रहा है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के पश्चात रवि रस्तोगी ने भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल से आशीर्वाद प्राप्त किया। शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इसके उपरांत वे रुद्रपुर पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर रवि रस्तोगी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, भारतीय



जनता पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, वह मेरे लिए गर्व का विषय है। भाजपा ओबीसी मोर्चा, उधमसिंहनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर मैं हृदय से आभारी हूँ।"उन्होंने विशेष रूप से पुष्कर सिंह धामी , कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, भाजपा उपाध्यक्ष राकेश गिरी, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल , ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य , वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, मंडी समिति अध्यक्ष अमरजीत कटवाल, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सनवाल सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वह संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा ओबीसी समाज को भाजपा की नीतियों से जोड़ने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। रवि रस्तोगी की यह नियुक्ति भाजपा संगठन को जिले में जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# परिमल राय गदरपुर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रभारी नियुक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी ने बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को विधानसभा क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। जिनमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परिमल राय को गदरपुर प्रभारी का दायित्व दिया गया है। उनके साथ हरिदेव हैरी सहयोगी होंगे। नव नियुक्त प्रभारी बूथ कमेटियों के गठन के साथ ही एसआईआर प्रक्रिया में बीएलए बनाये जाने की प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। श्री राय को गदरपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाये जाने पर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। श्री राय ने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसका वह निष्ठा से निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वह गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने के बाद ही संगठन में मनोनयन करेंगे। जिसमें पार्टी के प्रति निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जायेगा।



# कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का शीघ्र होगा निस्तारण: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महापौर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में नगर निगम के विभिन्न संगठन उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ देवभूमि कर्मचारी संघ निकाय कर्मचारी संघ अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के साथ उनकी विभिन्न मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया।



जिसमें महापौर द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम से संबंधित जो भी समस्या कर्मचारियों की लंबित हैं उनको प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाएगा और कर्मचारियों से अपेक्षा की गई कि नगर निगम को प्रत्येक स्थान पर आगे बढ़ाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कर्मचारियों को नगर निगम एवं जनता की शिकायतों का भी यथा समय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के समय पर भुगतान किया जा रहा है।कोई भी भुगतान लंबित नहीं है परंतु जिन कार्मिकों को एसीपी नहीं लगाई गई है उनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में परितोष वर्मा नगर आयुक्त, गणेश भट्ट लेखा अधिकारी, डॉक्टर मनोज कांडपाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, गिरीश चंद्र भट्ट कार्यालय अधीक्षक सहित राम अवतार राजौर प्रदेश अध्यक्ष एवं राहत मसीह प्रदेश अध्यक्ष सहित विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने की विभिन्न मोर्चो के जिला अध्यक्षों की घोषणा

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी ने ऊधमसिंह नगर जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति तथा सभी प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों से प्राप्त परामर्श के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने जिले के विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने मीडिया को जारी सूची के माध्यम से बताया कि युवा मोर्चा की कमान विपिन गहलौत को सौंपी गई है, जिनसे युवाओं को संगठन से जोड़ने और पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की अपेक्षा की जा रही है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के रूप में श्रीमती विनीता सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई है, जो महिला सशक्तिकरण और संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। किसान मोर्चा की बागडोर राजेश बजाज को सौंपी गई है, जिनके नेतृत्व में किसानों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की योजना है। इसी क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा का दायित्व रवि रस्तोगी को, अनुसूचित जाति मोर्चा की जिम्मेदारी राजेश कोली को तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का नेतृत्व पुष्केंद्र राणा को सौंपा गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में हारून मलिक की नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष कमल कुमार जिंदल ने सभी नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती और विस्तार को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी मोर्चा अध्यक्ष पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही आगामी चुनौतियों का संगठित रूप से सामना करेंगे और जिले में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

# मीना शर्मा का मुस्लिम समुदाय से भरोसा बनाए रखने का आह्वान

रूद्रपुर। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने मुस्लिम नेताओं और विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि वे कांग्रेस पर भरोसा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उनकी हर समस्या के लिए मुखर होकर संघर्ष करेगी और उनका पक्ष सदैव सरकार के खिलाफ उठाएगी। मीना शर्मा ने बताया कि कांग्रेस हाई कमान भी मुस्लिम समुदाय की समस्याओं को संज्ञान में ले रही है। उन्होंने स्वयं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से इस विषय में संपर्क किया और आवश्यक दिशा-निर्देश लिए। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार का रवैया अत्यंत निंदनीय है। सरकार अपने प्रचार में सबका साथ, सबका विकास का दावा करती है, लेकिन वास्तविकता में एक विशेष समुदाय के साथ भेदभाव कर उन्हें लगातार हतोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और इसमें सभी धर्मों के हित सुरक्षित हैं। श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल वोट के लिए मुस्लिम समुदाय की ओर नहीं देखती, बल्कि उनकी हर समस्या का समाधान करना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि वे पार्टी पर भरोसा बनाए रखें और मिलकर राज्य में धर्मनिरपेक्ष और समानतापूर्ण शासन स्थापित करने में सहयोग दें।

# रंजिश में दो पक्षों में चले चाकू, एक की मौत,दो घायल

खटीमा (उद संवाददाता)। यहां रोडवेज बस अड्डे के पास शुक्रवार की देर रात दो गुटों में चली आ रही रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। इस दौरान हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। चाकूबाजी से रोडवेज परिसर में अफरातफरी मचने के बीच हमलावर मौका पाकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे रोडवेज परिसर के पास पुरानी रंजिश के चलते युवकों के दो गुट आमने-सामने आ गए। आपसी कहासुनी के बाद उनमें मार पीट शुरू हो गई। इस बीच युवकों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में 24 वर्षीय तुषार शर्मा पुत्र मनोज शर्मा, 23 वर्षीय सलमान पुत्र शब्बू निवासी पकड़िया और 21 वर्षीय अभय पुत्र कन्हैया लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद साथी तुरंत घायलों को उपजिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान वार्ड-10 निवासी तुषार ने दम तोड़ दिया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. गरिमा ने सलमान और अभय को हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल विजेंद्र शाह ने बताया कि चाकूबाजी में एक युवक की मौत हुई है। घायलों के बयान ले लिए हैं। मृतक तुषार पीलीभीत रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट में कार्यरत था। टीमें हमलावरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**सेना को मिले ...**निर्वहन निष्ठा, प्रतिबद्धता और सम्मान के साथ करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि सेना में कमीशन प्राप्त करना केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य और निस्वार्थ सेवा की शुरुआत है। इस पासिंग आउट परेड में 157वें रेगुलर कोर्स, 46वें टेक्निकल एंट्री स्कीम, 140वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स, 55वें स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स तथा टेरिटोरियल आर्मी ऑनलाइन एंट्रेंस एग्जाम 2023 कोर्स के अधिकारी कैडेट्स को औपचारिक रूप से कमीशन प्रदान किया गया। यह कमीशनिंग न केवल भारत के रक्षा नेतृत्व को और अधिक सुदृढ़ बनाती है, बल्कि मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक सैन्य सहयोग को भी मजबूती प्रदान करती है। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं स्वर्ण पदक निष्कल द्विवेदी को प्रदान किया गया, जबकि रजत पदक बादल यादव और कांस्य पदक कमलजीत सिंह को मिला। टेक्निकल एंट्री स्कीम में अभिनव मेहरोत्रा, टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स में जादव सुजीत संपत तथा स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स में सुनील कुमार क्षेत्री ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, बांग्लादेश के मोहम्मद सफिन अशरफ को सर्वश्रेष्ठ विदेशी कैडेट का सम्मान दिया गया और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर इंफाल कंपनी को प्रदान किया गया। इस गरिमामय समारोह के साक्षी गर्वित अभिभावक, परिजन, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और अनेक विशिष्ट अतिथि बने।

**किसानों को समृद्ध और सक्षम...**मुख्यमंत्री ने सगंध पौधा केंद्र और डाबर इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू के हस्ताक्षर की भी घोषणा की। इसके माध्यम से किसानों को तकनीकी सहायता, नवाचार और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल किसानों की आय दोगुनी करने और उत्तराखंड को देश में सुगंधित कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। देश के 11 करोड़ से अधिक किसान किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं और सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को बेहतर अवसर दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महक क्रांति नीति केवल किसानों के लिए नहीं बल्कि पूरे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि नवाचार और रोजगार सृजन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इस पहल से उत्तराखंड की पहचान सुगंधित कृषि और वैज्ञानिक खेती के क्षेत्र में और मजबूत होगी, जिससे राज्य किसानों के लिए आदर्श और पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, भुवन विक्रम डबराल, भाजपा जिलाध्यक्ष मीका सिंह, गिरीश डोभाल, प्रोफेसर मनमोहन चौहान, सुरेंद्र नारायण पांडे, डॉ. पीके जैन, सुमित चौधरी समेत तमाम अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**आईएएस बंशीधर तिवारी को ...**से जुड़े बड़ी संख्या में प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।बंशीधर तिवारी को एक जुझारू, कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी के रूप में जाना जाता है। शिक्षा विभाग में उन्होंने सर्वाधिक समय तक महानिदेशक के रूप में सफल कार्यकाल निभाया और कई महत्वपूर्ण सुधारों को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली को आम जनमानस तक सरकार की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। अपने दायित्वों के प्रति ईमानदारी और प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले श्री तिवारी ने हर पद पर रहते हुए जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया है। उन्हें मिलने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान की स्वीकृति है, बल्कि उत्तराखंड प्रशासन की सशक्त और सकारात्मक छवि को भी राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत करेगा।

**गुंडा एक्ट मामलों पर...**अमन गुप्ता पुत्र सीताराम के संबंध में भी पुलिस आख्या में उनके वर्तमान आचरण को सामान्य और शांतिपूर्ण बताया गया है। इन सभी मामलों में जिला मजिस्ट्रेट ने यह मानते हुए कि संबंधित व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियां सार्वजनिक शांति के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं उत्पन्न कर रही हैं, उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट के अंतर्गत प्रस्तावित या प्रचलित कार्रवाई को निरस्त करने के आदेश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर, पुलिस रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने शाहरुख पुत्र साजिद निवासी इंदिरा नगर, थाना बनभूलपुरा तथा नवीन सिंह रावत पुत्र दीवान सिंह रावत निवासी डाक बंगला वार्ड संख्या-1, थाना कालाढूंगी को छह माह के लिए गुंडा घोषित किया है। साथ ही दोनों को आगामी छह महीनों तक जनपद नैनीताल की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये निर्णय पूरी तरह तथ्यों, पुलिस आख्या और वर्तमान परिस्थितियों के समुचित मूल्यांकन के बाद लिए गए हैं, ताकि जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था और सामाजिक संतुलन बनाए रखा जा सके।

**कार की टक्कर ..**मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल, रुद्रपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। फिलहाल दोनों घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है और हादसे की जांच की जा रही है।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम भास्करा नन्द तिवारी (Bhaskara Nand Tewari) से बदल कर अब भास्करा नन्द तिवारी (Bhaskara Nand Tiwari) कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे भास्करा नन्द तिवारी (Bhaskara Nand Tiwari) पुत्र श्री घनानन्द तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाये।
वर्तमान पता : 40 पाइन वुड विला, ग्राम दानपुर, पोस्ट- दानपुर, रुद्रपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड-263153



संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नौ माह में विकास की रफ्तार ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड: विकास शर्मा

## महापौर ने भदईपुरा में सड़क नाली निर्माण का किया शिलान्यास, बारात घर की भी घोषणा

रूद्रपुर। नगर निगम ने बीते नौ माह में विकास कार्यों के मामले में नई मिसाल कायम की है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 14 भदईपुरा में शिव मंदिर से हरपाल गंगवार के घर तक सड़क और नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने महापौर विकास शर्मा और वार्ड पार्षद जौनी भाटिया का फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर आभार व्यक्त किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने अपने नौ माह के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नगर निगम के माध्यम से इतने विकास कार्य कराए जा चुके हैं, जो साढ़े तीन साल में विधायक निधि से होने वाले कार्यों से भी अधिक हैं। उन्होंने बताया कि इसी माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रूद्रपुर पहुंचकर करीब 33 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास करने जा रहे हैं। महापौर ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने तक लगभग 100 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त करना है।महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से ही रूद्रपुर को विकास की नई दिशा देने में लगातार सफलता मिल रही है। नगर निगम की जो भी फाइलें देहरादून भेजी जाती हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति मिल रही है, जिससे विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि जनता से जो वादे किए गए थे, उनसे भी अधिक करने का लक्ष्य लेकर वह पूरी निष्ठा और सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। जनता के एक-एक वोट का कर्ज विकास कार्यों के माध्यम से चुकाने का प्रयास किया जा रहा है।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि बस्तियों के विकास पर उनका विशेष फोकस है। पूर्व में यह शिकायत रहती थी कि विकास कार्य केवल बड़ी और पूंजीपतियों की कॉलोनियों तक सीमित रहते हैं, लेकिन अब उन बस्तियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां निचले तबके के लोग निवास करते हैं। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र को संवारने के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। यहां 1.74 करोड़ रुपये की लागत से रजत जयंती पार्क का निर्माण किया जा रहा है, मुख्य सड़क का निर्माण हो चुका है, साथ ही कई सड़कें और नालियां भी निर्माणाधीन हैं। ट्रांजिट कैंप के साथ-साथ शहर की अन्य बस्तियों को भी बेहतर बनाने का विस्तृत खाका तैयार किया गया है।महापौर ने कहा कि नगर निगम का कार्य केवल सड़क, नाली और सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कहीं आगे बढ़कर बहुआयामी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। नगर निगम में अब कई विभागों की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से रूद्रपुर को आठ आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र मिले हैं, जिनमें से एक भदईपुरा में भी स्थापित किया जा चुका है। इन केंद्रों पर नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास के साथ-साथ वर्षों पुरानी बड़ी और जटिल समस्याओं के समाधान को भी प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्य बाजार समेत प्रमुख बस्तियों में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए लंबाखेड़ा में नगर निगम की गौशाला बनकर तैयार हो चुकी है और शीघ्र ही शहर में घूमने वाले आवारा पशुओं को वहां सुरक्षित आश्रय दिया जाएगा।महापौर ने आगे बताया कि करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से गांधी पार्क का कायाकल्प किया जाएगा, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अटरिया मार्ग पर नाले को कवर करने के साथ सड़क चौड़ीकरण के लिए 3.5 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इसी प्रकार गंगापुर रोड का 3.74 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण स्वीकृत हो चुका है, जबकि भूरारानी रोड को भी चौड़ा करने की योजना है। शहर के युवाओं के भविष्य को संवारने के उद्देश्य से नगर निगम दो डिजिटल लाइब्रेरी खोलने जा रहा है। इनमें से एक काशीपुर बाईपास रोड पर और दूसरी रम्पुरा क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। महापौर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ये डिजिटल लाइब्रेरी किसी वरदान से कम नहीं होंगी। इसके अतिरिक्त किच्छा रोड पर अतिक्रम्रण से मुक्त कराई गई भूमि पर युवा खिलाड़ियों के लिए करोड़ों रुपये की लागत से एक आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित करने की भी योजना तैयार की गई है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य रूद्रपुर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना है। यदि जनता का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहा तो रूद्रपुर आने वाले स मय में प्रदेश का नंबर वन शहर बनेगा। उन्होंने भदईपुरा में बारात घर के निर्माण की भी घोषणा करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर वार्ड पार्षद जौनी भाटिया, पार्षद प्रमोद शर्मा, भाजपा नेता वेद ठुकराल, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुघ राजेश कामरा रचित सिंह सुभाष यादव प्रदीप गुप्ता मनीष गंगवार लाडी मन्नू शर्मा राज पाल मिश्रा जी शर्मा जी राजा राम ऋषि यादव अनिल गंगवार नागेंद्र गंगवार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।















# आपसी मतभेद भुलाकर रैली को सफल बनायें : हिमांशु

किच्छा( उद संवाददाता ) ।दिल्ली में होने वाली महा रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु बाबा ने किच्छा के नवीन मंडी गेस्ट हाउस में कांग्रेसियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में दिल्ली रैली में भाग लेने के लिए पूरी रूपरेखा तैयार की गई। इसमें तय किया गया कि सभी रैली में जाने वाली गाड़ियां पहले रुद्रपुर में एकत्र होंगी और वहां से संयुक्त रूप में रैली के लिए प्रस्थान किया जाएगा। हिमांशु बाबा ने उपस्थित कांग्रेसियों से अपील की कि वे दलगत या राजनीतिक मतभेद और आपसी मनमुटाव को भुलाकर रैली को सफल बनाने में पूरी सक्रियता से जुटें। उन्होंने सभी से कहा कि दिल्ली में अधिक से अधिक लोगों को लाने का प्रयास करें और रैली की सफलता में योगदान दें। बैठक में उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा देश में जातिगत राजनीति को बढ़ावा दे रही है, जो देश के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने कांग्रेस की स्थापना से चली आ रही एकता की परंपरा को भी याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी



समुदायों को साथ लेकर चलती रही है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव हैं और कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए पूरी तैयारी कर रही है, इसलिए कार्यकर्ताओं को अभी से जुटना होगा। बैठक में मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने कांग्रेस द्वारा सहयोग न किए जाने की बात उठाई, जिस पर हिमांशु बाबा ने उत्तराखंड में सत्ता सीन दल की जाति आधारित राजनीति पर चिंता जताई और कहा कि यह केवल किच्छा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, राजा मंत्री, गणेश उपाध्याय, फिर्दोष सलमानी, एन यू खान और जावेद शाहिद सहित अन्य नेताओं ने अपने विचार साझा किए। नगर कांग्रेस कमेटी की अनुपस्थिति पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है, नगर अध्यक्ष किसी अन्य कार्य के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा, राजकुमार बजाज, ऋषि बजाज, दानिश इकबाल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता भी बैठक में मौजूद रहे। सभी ने रुद्रपुर में एकत्र होकर दिल्ली रैली में भाग लेने का संकल्प लिया।